जूनियर हॉकी विश्व कप में दबाव का सामना करना और अनुभव हासिल करना युवाओं के लिये भावी सफलता का मील का पत्थर होगा - पी आर श्रीजेश

भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच, भारतीय खिलाड़ीयों को सलाह देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## टिम साउदी

**कोलकाता** नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के लिए टिम साउदी को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान, जिन्होंने 2025 की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, गेंदबाजी सलाहकार के रूप में इंग्लैंड की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। साउदी अभिषेक नायर की अध्यक्षता वाले केकेआर के नए कोचिंग समूह में शामिल हो गए हैं, और फ्रेंचाइजी ने हाल ही में अगले सीजन से पहले शेन वॉटसन को सहायक कोच के रूप में शामिल किया है। 36 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने खेल करियर के दौरान 2021, 2022 और 2023 में केकेआर का प्रतिनिधित्व किया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने सबसे कम स्कोर 2016 में, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 260 रन बनाए और रोहित शर्मा ने 35 गेंदों में शतक जड़ा।

## एन.बी. एकेडमी की एक तरफा जीत में विहान, रोहन व शिरीष चमके

जयपुर, 14 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने रोहन मीणा 17 रन पर 3 विकेट, शिरीष मीणा 28 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी के बाद विहान जैन 85 रन नाबाद (69 गेंद, 12 चौके, 2 छक्के), असद 36 रन नाबाद की 140 रन की अविभाजित साझेदारी की बदौलत डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी को 10 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये जय शर्मा 38 रन, तनुज शर्मा 18 रन, शान 13 रन व सम्यक जैन 12 रन की पारियों की बावजूद एन.बी. क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों रोहन मीणा 17 रन 3 विकेट शिरीष मीणा 28 रन पर 3 विकेट, समर्थ सचदेवा 29 रन पर 2 विकेट तथा विहान जैन 22 रन पर 1 विकेट ने शानदार गेंदबाजी करते हुये डायमण्ड किक्रेट एकेडमी की पूरी टीम को 26.2 ओवर में 138 रन पर सिमेट दिया। जवाबी पारी में एन.बी. किक्रेट एकेडमी के दोनों ओपनर विहान जैन 85 रन नाबाद तथा असद 36 रन नाबाद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 20.5 ओवर में 140 रन की नाबाद साझेदारी निभाकर अपनी टीम को 10 विकेट से एक तरफा जीत दिलाकर महत्वपूर्ण 2 अंक दिलवाये। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच विहान जैन (86 रन व 1 विकेट) एन.बी क्रिकेट एकेडमी रहे।

## राजस्थान फुटबॉल संघ के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल सहित खेल जगत की हस्तियां हुई शामिल**

जयपुर, 14 नवम्बर। राजधानी जयपुर के नंदपुरी, हवा सड़क स्थित जीएस अपार्टमेंट में राजस्थान फुटबॉल संघ के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन भारतीय रीति रिवाज से राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल, आरएएस राजेंद्र सिंह सिसोदिया, पचार ग्रुप के जितेंद्र सिंह पचार और यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन के डायरेक्टर ब्रिगेडियर जे एस शेखावत के कर कमलों द्वारा किया गया। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि संघ का कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त है तथा स्थाई कार्यालय होने से खिलाड़ियों को भी किसी भी कार्य के लिए सुविधा रहेगी, कार्यालय से पूरे राजस्थान में फुटबॉल की गतिविधियों को संचालित किया जाएगा ।

# बुमराह का पंजा, दक्षिण अफ्रीका 159 पर सिमटा

कोलकाता, 14 नवंबर। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (27 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पहली पारी में 55 ओवर में 159 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके जवाब में स्टंप्स तक 20 ओवर में एक विकेट पर 37 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में 122 रन से पीछे है।

यह पूरा दिन जसप्रीत बुमराह और भारतीय टीम के नाम रहा। बुमराह के पंजे की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 159 पर ही आउट कर दिया। कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने उनका बख़ूबी साथ दिया। दक्षिण अफ़्रीकी बल्लेबाज पिच पर टिकने के बाद विकेट फेंकते हुए नजर आए।

भारत को यशस्वी जायसवाल (12) के रूप में एक झटका ज़रूर लगा लेकिन इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर और केएल राहुल ने सजगता से खेलते हुए सुनिश्चित किया कि भारत, दूसरे दिन खेल में आगे रहते हुए प्रवेश करेगा।स्टंप्स के समय राहुल 59 गेंदों में 13 और सुंदर 38 गेंदों में छह रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फ़ैसला किया था और रायन रिकलटन और एडन मारक्रम ने मिलकर एक सधी हुई शुरुआत की थी। लेकिन जसप्रीत बुमराह ने दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को पवेलियन लौटाया और कुलदीप यादव ने टेम्बा बावुमा को चलता किया। दूसरे सत्र में बुमराह और कुलदीप ने एक-एक सफलता हासिल की और सत्र के अंतिम चरण में मोहम्मद सिराज ने दोहरे झटके दिए, वहीं अक्षर पटेल की सफलता के साथ ही दूसरा सत्र दक्षिण के आठ विकेट के नुकसान पर 154 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। वहीं अंतिम सत्र में बुमराह ने दोनों शेष विकेट निकालते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी समाप्त कर दी।

सलामी बल्लेबाजों ने सकारात्मक शुरुआत की, रिकल्टन (23)ने शानदार शुरुआत की, जबकि मार्करम (31)ने अपना खाता खोलने के लिए 23 गेंदें लीं, लेकिन इसके बाद बाउंड्री से भरे स्कोरिंग शॉट्स का सिलसिला चला। बुमराह ने पहला स्पैल लंबा फेंका और आखिरकार उन्हें अपने 6वें ओवर में पुरस्कृत किया गया - एक के बाद एक और मेहमान टीम ने कुछ ही समय में दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया, ऐसा ही बावुमा(3) ने अपने वापसी वाले टेस्ट में किया।

71/3 के स्कोर पर, पहले घंटे की कड़ी मेहनत बर्बाद हो गई, लेकिन मुल्डर(24), टोनी डीज़ॉर्ज़ी (24) और काइल वेरिन (16) - सभी ने शुरुआत की और सभी लगभग एक ही अंदाज में आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 15 रन बनाते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ पारी संभालने की कोशिश की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने 13 रन में अंतिम पांच विकेट निकालकर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट दी। बुमराह के पंजे के अलावा सिराज ने 47 रन पर दो विकेट, कुलदीप ने 36 रन पर दो विकेट और अक्षर पटेल ने 21 रन पर एक विकेट लिया।

# वैभव के तूफानी 144 से भारत ने यूएई को धो डाला

दोहा, 14 नवंबर। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 144 रन की तूफानी शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 148 रन के बड़े अंतर से पीट दिया।

भारत ने 20 ओवर में चार विकेट पर 297 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में यूएई की टीम सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। वैभव को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

यूएई की तरफ से शोएब खान ने सर्वाधिक 63 रन बनाये जबकि भारत ए की तरफ से गुरजपनीत सिंह ने 18 रन देकर तीन विकेट और हर्ष दुबे ने 12 रन पर दो विकेट लिए।

प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यवंशी ने मात्र 42 गेंदों में 11 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए 144 रन ठोके। उन्होंने नमन धीर (34) के साथ दूसरे विकेट के लिए 163 रन की बड़ी साझेदारी की। सूर्यवंशी 13वें ओवर में जब आउट हुए तब भारत का स्कोर 195 रन पहुंच चुका था।

कप्तान जितेश शर्मा ने 32 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए नाबाद 83 रन बनाये जिससे भारत 20 ओवर की समाप्ति तक 297 रन पर पहुंच गया।

## धीरज और अंकिता ने रिकर्व स्पर्धाओं में जीते स्वर्ण

ढाका, 14 नवंबर। धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत ने शुक्रवार को बांग्लादेश के ढाका में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में रिकर्व स्पर्धाओं में भारत के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण देते हुए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते।

पिछले साल, दोनों ने पेरिस 2024 में मिश्रित टीम रिकर्व स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया था, जो ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत ने अंतिम दिन रिकर्व तीरंदाजी में पांच पदक जीते, जिनमें दो व्यक्तिगत खिताब और पुरुष टीम का खिताब शामिल है। राहुल ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि संगीता ने ढाका के राष्ट्रीय स्टेडियम में महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

महिला रिकर्व फाइनल में, अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 व्यक्तिगत रजत पदक विजेता कोरिया गणराज्य की नाम सु-ह्योन को 7-3 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले, अंकिता ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की जंग मिन्ही को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में हराया। इसके बाद संगीता ने दीपिका को एक और शूट-ऑफ में हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

## जय भारती क्रिकेट अकादमी को हराकर यति क्रिकेट अकादमी पहुंची फाइनल में

जयपुर, 14 नवम्बर। अंडर-14 पिंकसिटी कप में यति क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 282 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाएं। भव्यम जैन ने नाबाद 164 और जय प्रताप ने 57 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय भारती क्रिकेट एकेडमी 15 ओवर में 101 रन पर ऑल आउट हो गई। रेयान ने सर्वाधिक 46 रनों का योगदान दिया। यति क्रिकेट अकादमी की ओर से सौम्या खांडल ने 5 और हिमांशु सिंह ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच भव्यम जैन को चुना गया।

# रोनाल्डो को रेड कार्ड, फुटबॉल जगत में मचा बवाल

## विश्व कप में खेलने पर मंडराया प्रतिबंध का खतरा

डबलिन, 14 नवम्बर। डबलिन में खेले गए मुकाबले में पुर्तगाल की टीम को एक ऐसा झटका लगा जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। मौजूद जानकारी के अनुसार वर्ल्ड कप 2026 की रेस में आगे बढ़ने की उनकी कोशिश आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की हार के बाद रुक गई है। बता दें कि पहले हाफ में ट्रॉय पारट ने दो गोल दागकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया हैं। शुरुआत में पुर्तगाल ने लगभग 80 बॉल पज़ेशन के साथ दबदबा जरूर दिखाया, लेकिन गोल के सामने वे कोई खास मौका नहीं बना पाए हैं। दूसरी ओर, आयरलैंड ने अपनी तेज और लंबी गेंदों से पुर्तगाल की हाई डिफेंस लाइन पर लगातार दबाव बनाया हैं। इसी बीच एक बैक पास की गलती ने पुर्तगाल को मुश्किल में डाला और अगले ही पल कॉर्नर से पारट ने पहला गोल कर दिया हैं। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले पारट ने एक और शानदार गोल दागकर बढ़त 2-0 कर दी हैं। गौरतलब है कि पुर्तगाल के डिफेंडर्स इस दौरान कई बार दबाव में आते दिखे हैं और आयरलैंड के फॉरवर्ड उनकी हर गलती भांपते रहे हैं। दूसरे हाफ में पुर्तगाल ने फिर से पजेशन तो रखा, लेकिन खेल में बिखराव साफ नजर आया हैं। सबसे ज्यादा निराश क्रिस्टियानो रोनाल्डो दिखे, जो अपने साथियों से लगातार नाराजगी जताते दिखे हैं। हालात तब और बिगड़े जब रोनाल्डो ने डारा ओ'शे को कोहनी मार दी। वीएआर की जांच के बाद उन्हें सीधे रेड कार्ड दिखा दिया गया हैं। मैदान से बाहर जाते समय उन्होंने दर्शकों की ओर रोते चेहरे जैसा इशारा भी किया हैं।

**राजधानी**

# डॉ. मोहन भागवत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

## भागवत ने स्मारक पर संस्कार सृष्टि तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को देखा



**डॉक्टर मोहन राव भागवत व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत शुक्रवार को जयपुर के धानक्या गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचे। उन्होंने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्मारक पर संस्कार सृष्टि तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को देखा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की गत 6 वर्षों की गतिविधियों पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि पंडित दीनदयाल का जो दर्शन है, उसके पीछे उनकी पूरी जीवन की तपस्या है। वह कोरा चिंतन नहीं है। जीवन के अनुभव की गहराई में जो मनन हुआ है उसका परिणाम है। यह दर्शन नया नहीं है, अपना सनातन दर्शन ही है। दीनदयाल जी ने इस दर्शन को देशकाल और परिस्थिति के अनुसार प्रस्तुत किया है, जो ऋषि मुनियों ने कहा उसे अनुभव किया और उस अनुभव में से उसका एक परिष्कृत रूप उन्होंने समाज के सामने रखा। डॉ. भागवत ने कहा कि दीनदयाल का दर्शन इस राष्ट्रीय स्मारक से देश में सभी जगह जाना चाहिए। इनके आदर्शों का प्रचार सर्वत्र हो, ऐसा प्रयास हमें करना चाहिए और उनके जीवन के अनुसार जीने वाले लोगों को प्रति वर्ष यहां सम्मानित भी करना चाहिए। सत्य, करुणा, शुचिता और तपस्या, ये चारों बातें दीनदयाल जी के जीवन में पूर्णत: उत्कर्षता के साथ दिखती है।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल स्वतंत्र भारत में एकमात्र उदाहरण है जिन्होंने राजनीति में जाकर राजनीति की प्रकृति को बदलने का प्रयास किया, लेकिन राजनीति में रहकर भी अपने मूल चरित्र और स्वभाव में बिल्कुल बदलाव नहीं होने दिया। उनके रास्ते पर चलने वाले लोग प्रयास तो कर रहे हैं, लेकिन वह प्रयास किस दिशा में कैसे करें, इसका दीनदयाल जी ने मूर्तिमान उदाहरण अपने जीवन से दिया है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा ने कहा कि समिति की स्थापना वर्ष 2019 में दीनदयाल उपाध्याय के विचार-दर्शन को देश-विदेश में फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। समिति का लक्ष्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं में दीनदयाल भाव जागृत करना है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि देश में फिलहाल धानक्या, फरह (मथुरा),चित्रकूट और मुगलसराय में प्रमुख स्मारक स्थापित हैं जहां पण्डितजी के विचारों पर अलग अलग कार्य हो रहे हैं ।प्रो. छीपा ने बताया कि दीनदयाल जी के प्रचारक बनने से पूर्व जीवन के 21 वर्ष राजस्थान तथा 5 वर्ष उत्तर प्रदेश में बीते, जिनका उनके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ा। बचपन में धानक्या स्थित शिव और हनुमान मंदिरों में दीनदयाल जी की दैनिक पूजा-अर्चना करने से उनमें आध्यात्मिक संस्कारों आए जिनका उनके विचार दर्शन पर प्रभाव पड़ा।

# एएनटीएफ ने 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर को गिरफ्तार किया

- **बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना निवासी जितेंद्र मेघवाल को गिरफ्तार किया**

**जयपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ऑपरेशन जिस्मन्ना चलाकर मारवाड़ में स्मैक की तस्करी करने वाले शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिस पर 25 हजार रूपये का इनाम था। एएनटीएफ को लंबे समय से उसकी तलाश में जुटी थी।

एएनटीएफ पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना निवासी जितेंद्र मेघवाल को गिरफ्तार किया है। जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम था और नशे की तस्करी करते-करते वह खुद भी स्मैक का आदी हो गया।

नशा मुक्ति केंद्र में लंबे समय तक इलाज में काफी खर्च हुआ तो मकान और जमीन भी बिक गई। तबीयत में सुधार होने पर वह फिर से तस्करी करने लगा।

आईजी ने बताया कि आठवीं तक पढ़ाई के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी। दो साल तक बेंगलुरू में मोबाइल शॉप पर काम करने के बाद वापस धोरीमन्ना आ गया। इसके बाद वह कुख्यात तस्कर प्रकाश के संपर्क में आया। पहले उसका ड्राइवर और फिर पार्टनर बनकर स्मैक की तस्करी करने लगा। इसके बाद वह तीन साल में ही स्मैक की तस्करी का किंगपिन बन गया। जहां प्रकाश के जेल जाने के बाद वह पूरा धंधा खुद चलाने लगा।

तस्करी की कमाई से उसने कोठियां बनवाई और जमीन भी खरीद ली। जांच पड़ताल में सामने आया कि वह हर महीने 20 किलो स्मैक की तस्करी करता। जिससे हर महीने करीब 50 लाख रुपए कमाता। उसके खिलाफ तीन साल में आठ मुकदमे दर्ज हुए और तीन बार जेल भी गया। जब पत्नी को उसकी हरकतों के बारे में पता चला तो उसने बेंगलुरु सेटल होने को कहा।

इस बीच एएनटीएफ को भी उसके प्लान का पता चलने पर प्लेन, बस और ट्रेन के टिकट बुकिंग पर निगरानी रखनी शुरू कर दी। जिस पर आरोपित जितेंद्र ने अपने करीबी व्यक्ति के जरिए टिकट बुक करवाई थी। जहां एएनटीएफ ने नाकाबंदी कर बस को रुकवा कर आरोपी को हिरासत में लिया।

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेष जय राव व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता शांतनु पारीक ने बताया कि याचिकाकर्ता को छात्र प्रतिनिधि चुनने का मौलिक अधिकार है और राज्य सरकार द्वारा छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जाकर इस अधिकार का हनन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा केवल एक परिपत्र से ही तर्कहीन व असंवैधानिक कारणों से छात्रसंघ चुनावों को नहीं कराने का निर्णय लिया है, जो गलत है। इसलिए राज्य सरकार के चुनाव नहीं करवाने वाले परिपत्र को रद्द कर छात्रसंघ चुनाव करवाए जाए।

## मोहन भागवत आज एसएमएस स्टेडियम में करेंगे संबोधित

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूज्य सरसंघसंचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत, शनिवार को सायं 5.30 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यान-2025 में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं एकात्म मानवदर्शन पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी सूरज सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूज्य सरसंघसंचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत होंगे।

# 'बिहार में नकारात्मक और भ्रामक बयानबाजी का जनता ने दिया सटीक जवाब'

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत पर बिहार की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा 11 वर्षों में किए गए विकास कार्यों पर पूर्ण विश्वास जताया है। राठौड़ ने कहा कि बिजली, सड़क, रेलवे, फ्लाईओवर जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार ने बिहार के विकास की नई पहचान बनाई है, और जनता ने इन कार्यों को देखते हुए एनडीए को स्पष्ट जनादेश दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष द्वारा की गई हल्की, नकारात्मक और भ्रामक बयानबाजी का जनता ने मतदान के माध्यम से सटीक और करारा जवाब दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्षी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता प्राप्ति की लालसा में बने बेमेल गठबंधन को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया। जिन दलों का आपस में कोई समान विचार तक नहीं था, वे सिर्फ सत्ता के लिए एकत्र हुए थे। ऐसे बेमेल गठबंधन ने देश में भ्रम फैलाने का प्रयास किया, परंतु जनता ने उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया।

राठौड़ ने विशेष रूप से कांग्रेस की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस का 243 सीटों में से 1-2 सीटों पर संघर्ष करना इस बात का संकेत है कि उनका जनाधार लगभग समाप्ति की ओर हो चुका है। उन्हें आत्मचिंतन कर अपनी कार्यशैली और नीति में सुधार करना चाहिए। राठौड़ ने यह भी कहा कि लालू यादव के पूर्व के भ्रष्टाचार और राहुल गांधी से किए गए समझौते ने भी विपक्ष की हार को और अधिक स्पष्ट कर दिया है।